compensation has not been given. I, therefore, want to draw the kind attention of the Central Government to intervene and come to the rescue of the cultivators.

(v) Funds for Sagarmal Gopa Branch Canal from Rajasthan Canal for irrigation in Barmer area

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : सभापति महोदय, राजस्थान नहर का निर्माण तीव्र-गति से चल रहा है। यह नहर जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ कस्बे में 2 अक्तूबर, 1983 तक पहुंच कर पचास हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी पहुंचा कर रेगिस्तानी क्षेत्रों की काया-कल्प कर देगी।

राजस्थान नहर की लीलवा शाखा, जिसको अब सागरमल गोपा के नाम से जाना जाता है, को बाड़मेर जिले के गढ़रा रोड तक बढ़ाने का हाल में राज्य सरकार ने जो निर्णय लिया है, उसको भी राज्य की जनता ने सराहा है।

सागरमल गोपा शाखा का पानी गढ़रा रोड पहुंचने के लिये नहर का प्राथमिक सर्वे प्रारम्भ हो चुका है। उक्त शाखा की 185 किलोमीटर अतिरिक्त खुदाई करने पर पानी गढ़ारा रोड़ तक पहुंच सकेगा। उससे ढाई लाख हैक्टेअर भूमि में सिंचाई की स्थायी व्यवस्था हो सकेगी।

यह शाखा हिन्द और पाकिस्तान के बिलकुल सीमा पर लगती हुई बनाई जायेगी जिसकी सुरक्षा की दृष्टि से बड़ा महत्व होगा और सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए यह बरदान साबित होगी।

उक्त शाखा के निर्माण पर 50 करोड़ रुपये व्यय होंगे। राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति ऐसी नही है कि उक्त योजना के क्रियान्वयन का भार वह उठा सके। अतः केन्द्र सरकार से पुरजोर आग्रहपूर्वक निवेदन है कि वे सीमावर्ती एवं पिछड़े थार रेगिस्तान के बाड़मेर एवं जैसलमेर जिलों में सिंचाई के लिये पानी पहुंचाने के लिये तुरन्त से तुरन्त सागरमल गोपा शाखा योजना के लिये 50 करोड़ की राशि का प्रबन्ध करें ताकि तीन वर्षों के अन्दर-अन्दर इस क्षेत्र में सिंचाई का पानी उपलब्ध हो सके और यह रेगिस्तानी क्षेत्र हरा-भरा हो सके।

(vi) Need for increasing the tele-communication facilities in Madhya Pradesh

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : मध्य प्रदेश में दूरसंचार प्रणाली ठीक प्रकार से कार्यरत नहीं है। प्रदेश की राजधानी सहित अनेक प्रमुख नगरो में दूर संचार व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। दूर संचार की अविश्वसनीयता के कारण जहां दिनों दिन काम-काज प्रभावित हुआ है वही महत्व कार्यों का सम्पादन दुष्कर हो गया है। उज्जैन दूरभाष केन्द्र के विस्तार तथा रतलाम नीमच के दूरभाष केन्द्रों से स्वचलीकरण में अप्रत्याशित विलम्ब होने के कारण प्रतिक्षा सूची में पंजीबद्ध व्यक्ति दूरभाष सुविधा से बंचित है। भोपाल दूरभाष उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष एवं विधायक ने राजधानी की दूरभाष की विषम स्थिति से माननीय संचार मंत्री को अवगत कराया है।

अतएव मेरा संचार मंत्री से आग्रह है कि मध्य प्रदेश में दूर संचार प्रणाली को सक्षम बनाने के लिये तथा उज्जैन दूरभाष केन्द्र का विस्तार तथा रतलाम, नीमच के दूरभाष केन्द्रों के स्वचलीकरण के लिये तत्काल आवश्यक निर्देशक दिये जावे।

**The Original speech was delivered in Sanskrit.